# समाचार

## छ.ग. स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ

# महासंघ के प्रतिनिधि मण्डल ने की मुख्यमंत्री जी से भेंट

## (सातवें वेतनमान लागू करने सहित अन्य प्रमुख मांगों पर हुई सकारात्मक चर्चा)



कोरबा 12 अक्टूबर 2017 –छत्तीसगढ़ स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ के प्रतिनिधि मण्डल ने बुधवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह जी से मुख्यमंत्री निवास पर पहुंचकर भेंट की तथा नगरीय निकाय कर्मचारियों को सातवां वेतनमान दिए जाने सहित अन्य प्रमुख मांगों पर अत्यंत सकारात्मक चर्चा हुई तथा मुख्यमंत्री जी द्वारा सातवें वेतनमान का लाभ दिए जाने का आश्वासन प्रतिनिधि मण्डल को दिया गया।

महासंघ के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष श्री अली बख्श ने बताया कि छ.ग. स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ के आव्हान पर प्रदेश के नगरीय निकायों के लगभग 10000 कर्मचारी एक दिवसीय आकस्मिक अवकाश लेकर बुढ़ा तालाब रायपुर में बुधवार को धरना प्रदर्शन कर 23 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री जी के नाम से ज्ञापन पत्र अनुविभागीय अधिकारी रायपुर को सौपा गया। इस धरना प्रदर्शन में नगर पालिक निगम कोरबा के 650 से ज्यादा अधिकारी कर्मचारियों द्वारा आकस्मिक अवकाश लेकर कार्यक्रम में भाग लिया गया। उन्होने बताया कि मुख्यमंत्री जी के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी श्री उपाध्याय जी द्वारा संघ के अध्यक्ष श्री जयनारायण श्रीवास्तव को सूचित किया गया कि मुख्यमंत्री जी संघ के प्रतिनिधि मण्डल से रात्रि 8 बजे भेंट करेंगे, संघ का 17 सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल ने मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर मुख्यमंत्री जी से भेंट की तथा 23 सूत्रीय मांग पत्र पर विस्तार से चर्चा की। उन्होने बताया कि मुख्यमंत्री जी द्वारा सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए नगरीय निकाय के कर्मचारियों को सातवें वेतनमान का लाभ वित्त सचिव से यथाशीघ्र चर्चा कर लागू करने का आश्वासन महासंघ को दिया गया है, इसके साथ ही दैनिक वेतनभोगी एवं प्लेसमेंट कर्मचारियों को समान कार्य, समान वेतन दिए जाने हेतु मुख्य सचिव की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है, समिति की रिपोर्ट आने के पश्चात प्लेसमेंट कर्मचारियों पर निर्णय लिया जाएगा। इसी प्रकार अनुकम्पा

नियुक्ति के लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु नियमों को शिथिल पर यथाशीघ्र पात्र लोगों को अनुकम्पा नियुक्ति दिए जाने का आश्वासन भी दिया गया, वहीं अन्य मांगों पर भी अत्यंत सकारात्मक चर्चा मुख्यमंत्री जी से संघ के प्रतिनिधि मण्डल द्वारा की गई।

महासंघ के प्रतिनिधि मण्डल में संघ के प्रदेशाध्यक्ष जयनारायण श्रीवास्तव, प्रदेश महामंत्री विष्णु चन्द्राकार, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अली बख्श, भारतीय मजदूर संगठन मंत्री योगेश दत्त मिश्रा, रायपुर नगर निगम से संतोष पाण्डेय, अशोक मिश्रा, अजय वर्मा, नित्यानंद दुबे, रायगढ़ अनिल बाजपेयी, बिलासपुर से भोजराम नायडू, भिलाई से रामेश्वर चन्द्राकर, कृष्णा देशमुख, भिलाई चरोदा से रामअवतार साहू, धमतरी से अभिमन्यु सिन्हा, चिरमिरी से रामबिहारी शर्मा, भारतीय मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष विरेन्द्र नामदेव आदि शामिल थे। इस प्रतिनिधि मण्डल द्वारा मुख्यमंत्री जी को धन्यवाद ज्ञापन करते हुए नगरीय निकाय के कर्मचारियों को दीपावली में उपहार के स्वरूप सातवें वेतनमान का लाभ दिए जाने की घोषणा करने का अनुरोध किया गया।

**(रावेन्द्र सिंह)**
मीडिया प्रभारी
**छ.ग. स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ**
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)

संपादकव्यूरोचीफ.......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित